डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
उत्तर प्रदेश सरकार,लखनऊ
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
दूरभाष संख्या 0522–2999862,63,2998380,81,82
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक 901 पत्रां0सं0–1459 / प्रिंटमी0एवंइले0मी0 / डीएसएमएनआरयू / 2020–21 लखनऊ दिनांक 23 सितम्बर, 2020

कार्यालय आदेश

आप अवगत ही है कि विश्वविद्यालय के कार्यालय आदेश दिनांक 20 जून, 2020 के माध्यम से सूचना–प्रिन्ट मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया से सम्बन्धित समस्त कार्य प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती आशिया खातून को आवंटित किया गया है। इस सन्दर्भ में समस्त सूचना प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती आशिया खातून को प्रेषित / उपलब्ध कराये जाने विषयक कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 जून, 2020 तथा अनुस्मारक–01 दिनांक 07 अगस्त 2020 के माध्यम से पत्र प्रेषित करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपसे अपेक्षा की गयी थी कि विश्वविद्यलय में हो रहे / होने वाले नवीन कार्यों, संगोष्ठियों, सेमिनारों तथा अन्य महतवपूर्ण गतिविधियों के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित सूचना श्रीमती आशिया खातून को उपलब्ध करायी जाये, ताकि प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा सके। उक्त के साथ–साथ यह भी सूच्य है कि कार्यालय ज्ञाप पत्रांक 804 / फा0सं0–39 / शै0सं0वि0 / स्था0 / डीएसएमएनआरयू / 2020–21 दिनांक 14 सितम्बर, 2020 द्वारा सोशल मीडिया से सम्बन्धित समस्त कार्य भी श्रीमती आशिया खातून को आवंटित किया गया है।

प्रायः संज्ञान में आ रहा है कि विश्वविद्यालय के कतिपत विभाग / अधिकारी तत्सम्बन्धी सूचना प्रशासनिक अधिकारी को प्रेषित न करके अपने स्तर से ही प्रिन्ट एवं इलेट्रानिक मीडिया को उपलब्ध करा रहे है, जिससे विश्वविद्यालय हित में प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित सूचना व्यापक स्तर पर प्रचारित / प्रसारित नहीं हो पा रही है।

अतः सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में विश्वविद्यालय में हो रहे अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त नवीन कार्यों, संगोष्ठियों, सेमिनारों तथा अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के प्रचार–प्रसार इत्यादि से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती आशिया खातून को हार्ड कॉपी, प्रशासनिक भवन के भूतल पर स्थित कमरा नं0 –015, तथा साफ्ट कॉपी ई–मेल आईडी ashia.afroz@gmail.com पर समयान्तर्गत उपलब्ध कराई जाये।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

23/9/20
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव